हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–219 : जौनपुर, गुरुवार 04 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यह वही धरती है जहां पर हनुमान जी ने कालनेमि का किया था वध –सीएम योगी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यह वही सुल्तानपुर की धरती है जहां हनुमान जी ने कालनेमि का वध किया था। सुल्तानपुर में किसान सहकारी चीनी मिल का विकास किया जा रहा है। पूर्वांचल की लाइफ लाइन बना सुल्तानपुर महत्वपूर्ण है। इसलिए क्योंकि पीएम मोदी ने यहीं से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का शुभारंभ किया था। जहां आपातकालीन स्थिति में वायुसेना और अन्य वायुयान उतर सकते हैं। सुल्तानपुर के के लोगों को देश और दुनिया में जाने के लिए यहीं से वायु सेवा प्रारंभ की जाएगी। आज सुल्तानपुर में क्या नहीं है, सब कुछ है। भारत के अंदर होने वाली हर विकास प्रक्रिया से सुल्तानपुर जुड़ चुका है। एक्सप्रेस वे के साथ फोरलेन को सुल्तानपुर से जोड़ा गया है। जिससे जनता की बुनियादी सुविधाएं बढ़िया हो सके। हमने 1 करोड़ से अधिक लोगों को उज्जवला का कनेक्शन दिया है। होली और दीपावली पर एक एक मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। इसके लिए बजट का प्रबंधन किया गया है। कोरोनावायरस कार्यकाल में पिछले 3 साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 5 लाख योजना का स्वास्थ्य सेवा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। 2017 से पहले नगरीय जीवन का मतलब कूड़े के ढेर और शोहदों की चहल कदमी और गुंडों का आतंक होता था। व्यापारियों से रंगदारी वसूली जाती थी। सपा ने युवकों को रोजगार तो नहीं दिया लेकिन युवाओं के हाथ में तमंचे जरूर पकड़ा दिए। आज युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं टेबलेट है। 20 लाख युवाओं को अब तक टेबलेट बांटा जा चुका है। आज हमारे शहर कूड़े के ढेर नहीं स्मार्ट सिटी बन गए हैं। आज तो हर व्यापारी को भी 20 लाख बीमा सुरक्षा राज्य सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई गई हो। पटरी व्यवसायियों को पीएम समृद्धि योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की गई है। डबल इंजन के साथ अब तीसरा इंजन लगने की जरूरत है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए नगरपालिका से इसकी




शुरुआत की जाएगी। बीजेपी ने अपने प्रत्याशी के रूप में सुल्तानपुर नगर पालिका से प्रवीण अग्रवाल और नगर पंचायतों से सीमा साहू ,विजय त्रिपाठी को उतारा है। हमें पूर्ण विजय की आवश्यकता है। चेयरमैन के साथ सभासदों को भी जीत का सेहरा बांध कर भेजना होगा। अन्यथा आधा अधूरा बोर्ड होगा और पैसे का बंदरबांट होता है। यूपी सरकार द्वारा भेजा गया। डबल इंजन की सरकार जो पैसा भेजे कि केंद्र और राज्य से चेयरमैन होने पर तीसरा इंजन उसका बेहतर क्रियान्वयन कराएगा। पूर्ण बहुमत का बोर्ड बनेगा तो विकास का पैसा अटकेगा नहीं। जनता का पैसा जनता के विकास में लगना चाहिए क्या, आप लोग सहमत हैं। भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत के साथ विजई बनाने की अपील हम करते हैं। उन्होंने सांसद मेनका गांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, विधायक विनोद सिंह,प्रत्याशी प्रवीण अग्रवाल,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह समेत भाजपा नेताओं का नाम लेकर जनता को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष आरए वर्मा,ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह,भाजपा नेता विकास शुक्ला,व्यापारी नेता रवींद्र त्रिपाठी,कोऑपरेटिव चेयरमैन विजय मिश्रा ने हेलीपैड पर उनका स्वागत किया।

## जिले में पांच बजे तक हुआ 51 .28 फीसदी मतदान : जौनुपर में सबसे कम तथा रामपुर में पड़े सबसे ज्यादा वोट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर निकाय चुनाव के मतदान सुबह सात बजे से चल रहा है। पांच बजे तक जिले की तीन नगर पालिकाओं व नौ नगर पंचायतो के लिए करीब 51 .28 फीसदी मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें सबसे कम उत्साह जौनपुर नगर पालिका परिषद में दिखाई पड़ रहा है। यहां पर अब तक मात्र 45.07 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका में 57. 92 मतदाताओं ने वोट डाल दिया है। इसी तरह नगर पालिका शाहगंज में साढ़े 62.28 फीसदी वोटरो ने वौट किया है।नगर पंचायत जफराबाद में 59.08 कचगांव में 55.9 गौराबादशाहपुर में 54.08 नगर पंचायत खेतासराय में 58.07 मछलीशहर में 56.44



मड़ियाहूं में 58.43 नगर पंचायत रामपुर में 64.75 केराकत में 56.26 बदलापुर में 57.62 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## हादसे में मरे युवक का शव लेकर थाने पहुंचे परिजनों नें कहा वाहन मालिक ने कराई हत्या

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में भलुवान चौराहे के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली की ठोकर से घायल प्रदीप पांडेय (30) की मंगलवार को मौत हो गई। देर रात 12 बजे के करीब शव लेकर परिजन गगहा थाने पहुंच गए। उन्होंने ट्रैक्टर मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर मालिक भलुवान निवासी रामभरोसे गुप्ता पर हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही। जानकारी के मुताबिक, भलुवान निवासी प्रदीप पांडेय 28 अप्रैल की रात को बाइक से कौड़ीराम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के चौराहे पर ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल प्रदीप को गगहा सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर मौत हो गई। भाई संदीप ने तहरीर में लिखा है कि रामभरोसे ने पहले भी भाई को धमकी दी थी और उस दिन रामभरोसे



ने अपने चालक को ललकार के ट्रैक्टर चढ़वा दिया। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ले जाते समय प्रदीप ने भी यह बात बताई थी। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्यों की मदद से जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती : एक अंक के विवाद में सरकार को जवाब के लिए 10 दिन का समय

लखनऊ ब्यूरो : हाईकोर्ट ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में एक अंक विवाद मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर सरकार को ब्यौरा पेश करने का दस दिन का समय दिया है। साथ ही सख्त रुख अपनाते हुए चेताया कि पहले के आदेश का पालन न होने पर कोर्ट पक्षकार अफसरों को तलब करने पर विवश हो सकता है। मामले की अगली सुनवाई 10 दिन बाद होगी। अवमानना याचिका रिट कोर्ट का आदेश न पालन होने के खिलाफ दायर की गई है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव दीपक कुमार व अन्य पक्षकारों से रिट कोर्ट के 20 दिसंबर, 2021 के फैसले के तहत कार्रवाई का ब्यौरा मांगा था। पर बीते मंगलवार को फिर सरकार की ओर से इसे पेश नहीं किया गया। सरकारी वकील ने 10 दिन का और समय मांगा, जिसे आखिरी मौके के रूप में कोर्ट ने मंजूर कर लिया। न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अपना आदेश अभ्यर्थी सुरंगमा शुक्ला की अवमानना याचिका पर दिया। याची का कहना था कि 20 दिसंबर, 2021 को शैक्षिक परिभाषा वाले प्रश्न पर रिट कोर्ट ने न्यायालय की शरण में आए अभ्यर्थियों को एक अतिरिक्त अंक प्रदान करते हुए मेरिट के अनुसार नियुक्ति का आदेश दिया था। इसके करीब साल भर बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। जबकि इस फैसले के खिलाफ सरकार की विशेष अनुमति याचिका खारिज होने के बाद रिट कोर्ट का निर्णय पुष्ट हो गया है। इससे करीब 1000 अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में है। इसे रिट कोर्ट के आदेश की अवहेलना कहते हुए यह अवमानना याचिका दाखिल की गई। उधर, सरकारी वकील ने कहा था कि विभागीय पक्षकार इन अभ्यर्थियों को एक अतिरिक्त अंक प्रदान करने की प्रक्रिया में थे। लेकिन इसी बीच बीते 13 मार्च को सवा सौ याचिकाओं फैसला देते हुए रिट कोर्ट ने 1 जून, 2020 की चयन सूची को पुनरीक्षित किए जाने का आदेश दिया। इसमें याची का भी सरोकार जुड़ा है। ऐसे में, सरकारी वकील ने आगे अपनाई जाने वाली कार्रवाई को बताने के लिए 10 दिन का समय दिए जाने का आग्रह किया था। इस पर कोर्ट ने बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव दीपक कुमार व अन्य पक्षकारों से रिट कोर्ट के 20 दिसंबर, 2021 के फैसले के तहत प्रस्तावित कार्रवाई का ब्योरा मांगा था।

## हेड कांस्टेबल ने सरेराह छात्रा को छेड़ा : मां ने बनाया वीडियो : किया गया गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के कैंट क्षेत्र में बुधवार को सरेराह बिना नंबर वाले स्कूटी सवार हेड कांस्टेबल ने स्कूल जा रही हाईस्कूल की छात्रा से छेड़छाड़ की। अश्लील टिप्पणियां करते हुए पीछा करता रहा। इसी दौरान पीछे चल रही छात्रा की मां ने इस शर्मनाक करतूत का वीडियो बना लिया। फिर सिपाही का विरोध किया तो वह खुद को छात्रा की सहेली का पिता बताने लगा। खुद को फंसता देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो मां ने राहगीरों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया है। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास के मुताबिक, कैंट के नीलमथा इलाके में किशोरी बुधवार सुबह करीब 6.30 बजे साइकिल से स्कूल जा रही थी। कैंट स्थित 56 चौक के पास बिना नंबर प्लेट लगी स्कूटी सवार वर्दी पहने हेड कांस्टेबल सआदल अली ने छात्रा का पीछा करना शुरू किया। वह छात्रा से अश्लील बातें करता रहा। छात्रा ने इसे नजरअंदाज किया और आगे बढ़ती गई। इस पर सआदत छात्रा से मोबाइल नंबर मांगने



लगा। पीछे चल रही मां ने घटना का वीडियो बनाने के बाद आरोपी को पकड़ लिया। घटना का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। इसके बाद कैंट थाने में पॉक्सो व छेड़छाड़ की धाराओं में केस भी दर्ज कराया। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी सआदत ऐसे कार्यों में लिप्त रहा।

## मनाया गया साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज का प्रकाश पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान सिखों के तीसरे गुरु साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज के प्रकाश पर्व (प्रकाशोत्सव) दिनाँक 04.05.2023 को श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिंडोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। शाम का दीवान 6.30 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात्रि 9.30 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तनः– भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहे बन आवै। गायन एवं नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरु अमरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी का जन्म अमृतसर में हुआ था। आपके पिता जी का नाम श्री तेजभान जी व माता जी का नाम सुलखणी जी था। आप का जीवन बड़ा महान था, कहते है कि जब तक मनुष्य को मन की शान्ति तब तक मनुष्य इधर–उधर भटकता रहता है। इनका जीवन भी कुछ ऐसा ही था गुरु बनने से पहले आप जी ने कई बार तीर्थो की यात्रा की, पर मन को शान्ति न मिल सकी। एक बार अपने ही घर मे ही गुरु अंगद देव जी की सपुत्री बीबी अमरो जी से गुरु जी की बाणी सुनी और गद्गद हो गये, पूछने पर पता चला कि यह श्री गुरु नानक देव जी की बाणी है,उनकी गद्दी पर श्री गुरु अंगद देव जी बैठे हुए हैं। आपने खडूर साहिब में आकर गुरु जी के दर्शन कर निहाल हुए, तभी से श्री गुरु अंगद देव जी की सेवा में जुट गये उस समय आपकी उम्र 62 वर्ष की थी इतनी उम्र




मे आधी रात को उठकर ब्यास दरिया से पानी का कलश लाकर रोज गुरु जी को स्नान कराते थे और दिन रात उनकी सेवा मे जुटे रहते थे 72 वर्ष की आयु मे सेवा करते देखकर श्री गुरु अंगद देव जी ने आपको गुरु गद्दी सौंप दी और ये निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान श्री गुरु अमरदास जी बन गये। इस अवसर पर रागी जत्था भाई सुखप्रीत सिंह लखनऊ वालों ने ''ऐ मन पिआरिआ तू सदा सच समाले'' गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, श्री गुरू सिंह सभा, नाका हिंडोला,लखनऊ के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज के प्रकाश पर्व (प्रकाशोत्सव) की बधाई दी। उसके पश्वात् गुरु का लंगर वितरित किया गया। महामंत्री हरमिन्दर सिंह की देखरेख में लंगर वितरण करने के सेवा दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा की गई।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मतदान कर्मी ने नहीं देखी लिस्ट कहा एजेंट से पर्ची बनवाकर ले आओ तब करो मतदान




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पारा क्षेत्र के एसबीएन कॉलेज पोलिंग बूथ पर भाग संख्या 505 पर तैनात मतदान कर्मी से आवास विकास कॉलोनी निवासी एक महिला मतदाता आधार कार्ड दिखाते हुए निवेदन करती रही लिस्ट में मेरा नाम देख लीजिए लेकिन मतदान कर्मी ने दोबारा 5:00 बजे आने के लिए कहा। सुबह के समय भाग संख्या 505 पर बिल्कुल भीड़ नहीं थी। साथ में तैनात महिला मतदान कर्मी ने भी पुरुष मतदान कर्मी से निवेदन किया कि लिस्ट में नाम देख लीजिए वापस मत करिए दूर से आई होगी लेकिन पुरुष मतदान कर्मी ने महिला मतदान कर्मी की भी बात अनसुनी कर दी। महिला मतदाता निवेदन ही करती रही। महिला मतदाता क्रम संख्या भी बता रही थी और आधार कार्ड भी दिखा रही थी। कह रही थी मेरा वोटर लिस्ट में नाम है। पुरुष मतदान कर्मी बार–बार एक ही रट लगाए रहा, बाहर जाकर एजेंट से पर्ची बनवाकर ले आओ तब मतदान करो। संयोग अच्छा रहा कि उसी समय ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय मतदान करने पहुंच गए और सारा नजारा देखते रहे मोबाइल ना होने के कारण वीडियो नहीं बना सके और फोटो भी नहीं ले सके। ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय, जिला संवाददाता प्रज्ञा पाण्डेय ने मतदान किया और घर वापस चले आए, समाचार लिखे जाने तक महिला मतदाता ने मतदान नहीं किया था।

## फर्जी अंक पत्र पर नौकरी करने वाला शिक्षक बर्खास्त : प्रधानाध्यापक पद पर था तैनात

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में फर्जी अंकपत्र पर नौकरी के मामले में बीएसए ने एक शिक्षक को बर्खास्त कर दिया है। उन पर विशिष्ट बीटीसी 2004 चयन के समय फर्जी अंक पत्र तैयार कर नौकरी हासिल करने का आरोप है। खजनी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गोपीपुर में तैनात प्रधानाध्यापक के विरुद्ध शिकायत पर जांच के बाद कार्रवाई की गई है। खजनी ब्लॉक के पतिसा गांव निवासी अखिलेश कुमार ने 18 जुलाई 2017 को बीएसए कार्यालय में फर्जी अंकपत्र पर नौकरी हासिल करने की शिकायत की। जिसके बाद बीएसए ने नोटिस जारी करते हुए शिक्षक फूलचंद को फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र व समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद बीएसए ने वेतन रोका और फिर जांच के बाद निलंबित कर विद्यालय से संबद्ध कर दिया। मामले की जांच खंड शिक्षाधिकारी को सौंप दी। बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई करते हुए नियुक्ति निरस्त कर बर्खास्त कर दिया गया। आगे भी यदि कोई ऐसा मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

## घायल महिला की हालत नाजुक : चार बच्चों का रो–रोकर बेहाल



गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर सड़क हादसे में मंगलवार रात में घायल महिला की मेडिकल कॉलेज में हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, चार बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। पति के शव को पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को रिश्तेदारों को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, गीडा इलाके के गाहासाड़ निवासी ईश्वर प्रसाद पत्नी गुड़िया के साथ खजनी इलाके में रिश्तेदार के घर शादी में गए थे। रात में लौटते समय छताई पुल के पास ट्रक की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर ईश्वर प्रसाद की मौत हो गई। जबकि, पत्नी गुड़िया का मेडिकल कॉलेज उपचार चल रहा है। उनकी तीन बेटी और एक चार साल का बेटा है। ईश्वर पुराने कपड़े फेरी लगाकर बेचते थे। घर की माली हालत ठीक नहीं है। डीसीएम व ट्रक में टक्कर, कोई हताहत नहीं गीडा इलाके के बोक्टा तिराहे के पास मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे ट्रक और डीसीएम में टक्कर हो गई। डीसीएम की रफ्तार भी धीमी थी, इस वजह से बड़ा हादसा नहीं हुआ। मामूली रूप से घायल डीसीएम चालक का उपचार पुलिस ने कराया। जानकारी के मुताबिक, बोक्टा तिराहे के पास ट्रक खड़ा था। सामने से आते वक्त डीसीएम मोड़ने के दौरान टकरा गई। जिससे डीसीएम चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। एसओ मदन मोहन ने बताया कि मामूली रूप से घायल चालक का इलाज कराया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

कड़क शब्दों में हल्की बात कहनें से अच्छा है विनम्र शब्दों में ठोस बात कही जाये।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले कितना कारगर होगा विपक्ष का सामाजिक न्याय

कर्नाटक चुनावों में बजरंग दल और पीएफआई जैसे संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कांग्रेस की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी ने इसे हिंदुत्व के ध्रुवीकरण के लिए एक बडा मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। बजरंग दल के बहाने बजरंग बली को आगे करते हुए भाजपा अपने चुनाव प्रचार को ध्रुवीकरण की धार से लैस करके अपनी राज्य सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार बेरोजगारी और कुशासन के आरोपों को लेकर बने सत्ता विरोधी रुझान से निपटने में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर चुनावी सभा में जय बजरंग बली का नारा गूंज रहा है। मोदी और भाजपा के इन तेवरों से साफ जाहिर है कोई भी चुनाव हो भाजपा आखिर तक आते आते हिंदुत्व के ध्रुवीकरण के हथियार से ही अपने विरोधी की चुनौती का मुकाबला करती है। अगर कर्नाटक में उसका ये हथियार चला तो निश्चित रूप से इस साल होने वाले सभी चुनावों और अगले साल लोकसभा चुनावों में भी भाजपा का सबसे बड़ा हथियार हिंदुत्व का ध्रुवीकरण ही होगा। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के पास भाजपा के इस चुनावी हथियार की काट के लिए क्या दांव है, यह एक बड़ा सवाल है। लेकिन विपक्ष भी भाजपा के इस दांव से बेखबर नहीं है और इसीलिए उसने भी हिंदुत्व के मुकाबले सामाजिक न्याय के जरिए जातीय ध्रुवीकरण के अपने जांचे परखे हथियार को धार देने का फैसला कर लिया है। कर्नाटक चुनावों में इस मुकाबले की पहली परीक्षा है। कर्नाटक के नतीजे तय करेंगे कि हिंदुत्व और सामाजिक न्याय में कौन सा मुद्दा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में भारी पड़ने वाला है। आम तौर पर विरोधी के हमले को उसके खिलाफ अपना हथियार बना लेने की कला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज की राजनीति में सबसे ज्यादा सिद्धहस्त माना जाता है और उनकी लगातार सियासी कामयाबी का यह बड़ा कारण है। लेकिन अब लगता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी कुछ वैसी ही राजनीतिक शैली अपनाते दिख रहे हैं। इसका पहला संकेत खुद राहुल गांधी के कर्नाटक चुनाव प्रचार में कोलार में चुनावी सभा में दिए गए उनके भाषण से मिला है, जिसमें उन्होंने सरकार और शासन प्रशासन में पिछड़ों दलितों और आदिवासियों के आनुपातिक प्रतिनिधित्व का सवाल उठाते हुए उनकी बेहद कम हिस्सेदारी पर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अपने भाषण में राहुल ने पिछड़ों के बेहद कम हिस्सेदारी के आंकड़े देते हुए पूछा कि साफ जाहिर है कि पिछड़ों का अपमान कौन कर रहा है। राहुल यहीं नहीं रुके, उन्होंने समाज के सभी वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी देने के लिए जातीय जनगणना की मांग पर जोर देते हुए कहा कि सरकार 2011 की जातीय जनगणना के आंकड़े जारी करे। राहुल ने अपने भाषण के जरिए एक तरफ भाजपा द्वारा 2019 में कोलार में ही दिए गए उनके भाषण के मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी, जिसे लेकर उन्हें सूरत की अदालत से सजा मिल चुकी है, पिछड़े वर्ग के अपमान से जोड़ने का जवाब देकर खुद को पिछड़े वर्गों के सामाजिक राजनीतिक हिस्सेदारी के पक्ष में खड़ा कर दिया है और भाजपा के हिंदुत्व के जवाब में पिछड़ों की हिस्सेदारी के मुद्दे को 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्ष का नया सियासी हथियार बनाने के संकेत दिए हैं। राहुल सिर्फ कोलार में ही नहीं रुके, बल्कि उन्होंने कर्नाटक के बीदर की चुनावी सभा में भी यही मुद्दा उठाया और सोशल मीडिया के जरिए भी पिछड़ों, दलितों, वंचितों की हिस्सेदारी बढ़ाने का सवाल खड़ा कर दिया है। राहुल के इस सुर के साथ जनता दल(यू), डीएमके, राजद, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों ने भी अपना सुर मिला दिया है। बिहार में पहले से ही नीतीश सरकार ने राज्य में जातीय जनगणना शुरू कर दी है और जद(यू) राजद ने इसे अपना मुख्य मुद्दा बना रखा है। समाजवादी पार्टी भी इसे पुरजोर तरीके से उठा रही है। एनसीपी, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, बसपा भी जातीय जनगणना के पक्ष में हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की हिस्सेदारी के लिए जातीय जनगणना को जरूरी बताते हुए हाल ही में तमिलनाडु में समान विचार वाले दलों का एक सम्मेलन भी बुलाया, जिसमें कांग्रेस की तरफ से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल हुए। दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर पिछड़ी जातियों की जनगणना कराने की मांग की है। अब कर्नाटक के हर चुनावी सभा में खरगे और राहुल इस मुद्दे को उठा रहे हैं। कर्नाटक के चुनावी महाभारत में भाजपा के हिंदुत्व बनाम कांग्रेस के सामाजिक न्याय के मुकाबले की परीक्षा है। नतीजा यह तय करेगा कि आगे कौन भारी पड़ेगा। कर्नाटक के चुनावों से कांग्रेस को बहुत उम्मीदें हैं। इस चुनाव में जीत उसके लिए आगे के चुनावों का दरवाजा खोलेगी और अगर हार हुई तो कांग्रेस के लिए आगे की राह बेहद कठिन हो जाएगी। क्योंकि कहावत है कि पैर पर कुल्हाड़ी मार लेना, लेकिन कांग्रेस के संदर्भ में यह कहावत थोड़ी अलग कुछ ये हो जाती है कि कुल्हाड़ी पर पैर मारना और कांग्रेस में भले ही शीर्ष स्तर पर गांधी परिवार की जगह मल्लिकार्जुन खरगे अध्यक्ष बन गए हों, लेकिन शीर्ष स्तर पर फैसले लेने की प्रक्रिया अभी भी नहीं बदली है। जरूरी फैसले न लेने वाली जड़ता बरकरार है। रायपुर महाधिवेशन को दो महीने से ज्यादा हो गए, लेकिन पार्टी की शीर्ष संस्था कार्यसमिति का गठन अभी तक नहीं हुआ। संगठन में खरगे अभी तक अपनी नई टीम नहीं बना सके हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा संसद में उनके सरकार पर बेहद आक्रामक तेवर और सूरत की अदालत से उन्हें मानहानि के मामले में सजा होने और उसके फलस्वरूप उनकी लोकसभा की सदस्यता का खात्मा और सरकारी आवास खाली करने के नोटिस से जो माहौल बना, कांग्रेस नेतृत्व में शीर्ष स्तर पर जड़ता अनिर्णय और सियासी संकट प्रबंधन की कमी से उसका फायदा होता नहीं दिख रहा है। दक्षिण भारत जहां से 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को सबसे ज्यादा सफलता की उम्मीद है और पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि इसकी शुरुआत कर्नाटक विधानसभा चुनावों से हो सकती है, लेकिन पिछले दिनों दक्षिण भारत के ही तीन नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। आंध्र प्रदेश जहां कांग्रेस के पास अभी भी कार्यकर्ता और जनाधार तो है, लेकिन कोई नेता नहीं है, वहां उसके पूर्व मुख्यमंत्री किरण रेड्डी पार्टी छोड़ देते हैं, लेकिन दिल्ली में बैठे कांग्रेस नेतृत्व पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उसके साथ ही केरल में कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी, जो राज्य कांग्रेस में सोशल मीडिया के प्रमुख थे, भाजपा में शामिल हो जाते हैं लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के माथे पर बल नहीं है। इसके फौरन बाद स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गर्वनर जनरल चक्रवर्ती सी राजगोपालाचारी के वारिस केशवन भी भाजपा में चले गए। लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेताओं जिनमें इन राज्यों के प्रभारी भी शामिल हैं, का आश्वस्ति भाव देखते बनता है। पार्टी के किसी नेता से बात कीजिए, तो दो तरह के जवाब मिलते हैं। एक खेमा जो राहुल गांधी का वफादार है उसका कहना है कि यह कांग्रेस का संकट काल है और इसमें जो पार्टी के साथ है वही सच्चा कांग्रेसी है और जो कमजोर लोग हैं वो अगर जाना चाहते हैं तो जाएं। दूसरे वो नेता हैं जो इंदिरा राजीव और सोनिया के जमाने से राजनीति में हैं, वह निराशा के भाव से कहते हैं कि यह बेहद चिंता का विषय है कि नेतृत्व के पास इस तरह का मौसमी पलायन रोकने की न नीति है, न नीयत और न ही कोई ऐसा नेता जो संकट प्रबंधन में सिद्धहस्त हो और जाने वालों को रोक सके। हालांकि छत्तीसगढ़ में भाजपा के कद्दावर आदिवासी नेता और कई बार के सांसद व विधायक नंदकुमार साय के पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने से राज्य के कांग्रेसी उत्साहित हैं, लेकिन ये कमाल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का है और इसमें केंद्रीय नेतृत्व की कोई बडी भूमिका नहीं है। अब सवाल है कि क्या कर्नाटक चुनावों के बाद कांग्रेस की रीति नीति और शैली में कोई बदलाव आएगा। क्या उत्तर प्रदेश, गुजरात, प. बंगाल, तमिलनाडु, उड़ीसा, बिहार जैसे उन राज्यों जहां कांग्रेस की हालत खस्ता है, के लिए कांग्रेस नेतृत्व कोई नई रणनीति तैयार कर सकेगा। सवाल है कि साल के अंत में जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उनके लिए कांग्रेस के पास कोई नई कारगर रणनीति होगी या सब कुछ यथास्थितिवाद के ही भरोसे रहेगा। राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल बनाम टीएस सिंहदेव के झगड़े को नया नेतृत्व कैसे हल करेगा। इन और कई सवालों का जवाब शायद कर्नाटक चुनावों के बाद कांग्रेस खोज सके पार्टी कार्यकर्ताओं इसकी बहुत उम्मीद है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## बच्चे भविष्य में किस लक्ष्य को बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकते हैं किया गया मार्गदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। जीस (जेबा इंटरनेशनल एजुकेशन आफ स्कॉलरबर्डस) द्वारा होटल हिल्टन गार्डन इन, गोमतीनगर लखनऊ में एक एजुकेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन आलोक कुमार राय, वी. सी. लखनऊ यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। कांफ्रेंस में आलोक कुमार राय, प्रो. उमा नारायण सलाहकार एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ, विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार (रिटा.) डिप्टी प्रो. वाइस चांसलर व डायरेक्टर एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा ''बच्चे भविष्य में किस लक्ष्य को बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकते हैं'' विषय पर सलाह तथा मार्गदर्शन करते हुए अपने विचारों को प्रकट किया गया। इस कान्फ्रेंस में लखनऊ, बाराबंकी तथा अयोध्या सहित कई जनपदों के प्रतिष्ठित स्कूलों के लगभग 40 प्रिसिंपल्स ने भी प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी आमंत्रित महानुभावों ने जेबा परवीन, फाउंडर डायरेक्टर (जीस) का तहेदिल से आभार प्रकट किया तथा




उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम का आयोजन ''जीस'' द्वारा एरा यूनिवर्सिटी, गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एमिटी यूनिवर्सिटी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, आई.एन.आई.एफ.डी. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन सहित 25 इंस्टीट्यूशंस के साथ किया गया।

## कमर टूटने पर मेनका गांधी ने रेलवे से मांगे एक करोड़ रुपये या पक्की सड़क : फिसल कर गिरीं थी सांसद

सुल्तानपुर ब्यूरो : सुल्तानपुर शहर में फिसलकर गिरने के बाद भाजपा सांसद मेनका गांधी ने रेलवे के डीआरएम से एक करोड़ का बिल भेजने अथवा मौके पर पक्की सड़क बनाने की मांग की है। सांसद के अनुसार रेलवे ने पक्की सड़क एक माह में तैयार करने का वादा किया है। जिला मुख्यालय के घासीगंज वार्ड में खराब सड़क व कीचड़ के बीच चुनाव प्रचार करने जा रही सांसद मेनका गांधी सोमवार की शाम फिसल कर गिर गई थी। वहीं दूसरे दिन भाजपा की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया था कि सांसद जिस सड़क पर फिसल कर गिरी थी वह रेलवे की जमीन है। जिस पर बिना रेलवे की अनुमति के सड़क नहीं बनाई जा सकती है। ऐसे में सांसद ने रेलवे के डीआरएम को फोन कर गिरने की वजह से कमर टूटने व उसके इलाज के लिए एक करोड़ रुपये के खर्च का हवाला दे दिया। उन्होंने विकल्प दिया है कि एक करोड़ के बजाए रेलवे मौके पर आम जनता के लिए पक्की सड़क बनवा सकता है। सांसद के अनुसार सड़क बनाने का वादा रेलवे अधिकारी ने किया है। दोस्तपुर की चुनावी सभा में किया मामले का जिक्र दोस्तपुर नगर पंचायत में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि भाषण देने के बाद मैं निकल रही थी, इतनी मिट्टी थी कि मैं गिर गई। उन्होंने कहा अगले दिन मैंने डीआरएम को फोन किया और कहा भइया मैं तुम्हें एक करोड़ रुपए का बिल भेज रही हूं अपनी कमर के लिए... या तो मुझे कमर का हिसाब दो या तो तुम मेरे लिए सड़क बनाओ एक महीने में। उसने कहा चलो मैं आपके लिए सड़क ही बना देंगे। इसके बाद सांसद ने कहा चलो उसकी वजह से कुछ खास नतीजा आया। स्मार्ट सिटी के बयान के दौरान फिसली सांसद चुनावी



सभा के दौरान भाजपा सांसद मेनका गांधी ने शहर के स्मार्ट सिटी होने का बयान तक दे दिया था। मेनका गांधी ने सोमवार को जिला मुख्यालय में प्रचार के दौरान कहा था कि सुल्तानपुर में प्रवेश करते ही उन्हें स्मार्ट सिटी होने का आभास होने लगा है। इसके बाद वह शहर के वार्ड नंबर 15 घासीगंज में सोमवार को वोट मांगने देर शाम को पहुंची। उनके साथ दर्जनों गाड़ियों का काफिला था। दिन में हुई भारी बरसात से सड़क कीचड़ युक्त थी। सड़क पर चल रही गाड़िया स्लिप कर रही थी। ऐसे में मेनका गांधी गाड़ी से उतरकर पैदल चलने लगी। इस दौरान वे फिसल कर गिर गई। जिसका एक वीडियो सामने आया था। खराब सड़कों का दंश झेल रही जनता शहर में खराब सड़कों का दंश जनता लंबे समय से झेल रही है। कई मोहल्ले में अभी तक कच्ची सड़क है, वहीं पक्की सड़कों पर भी भ्रष्टाचार के गड्ढे आम जनता की गाढ़ी कमाई को डुबो रहे हैं। हर बार चुनाव में अच्छी सड़क व विकास का वादा किया जा रहा है लेकिन चुनाव बाद नेता आम आदमी की पीड़ा को भूल जा रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में फिर से इसी तरह के वादे किए जा रहे हैं।

## गजरौला में लाठी भांजकर वोटरों को खदेड़ा : पथराव में पोलिंग पार्टी की दो बस तथा कार हुई क्षतिग्रस्त

अमरोहा ब्यूरो : अमरोहा के गजरौला नगर पालिका में मतदान के दौरान भाजपाइयों पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाकर बसपा प्रत्याशी के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को लाठी भांजकर खदेड़ दिया। इसके बाद पुलिस बसपा प्रत्याशी के पति हरपाल सिंह को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस पर समर्थकों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए समर्थकों ने पुलिस प्रशासन पर भाजपा के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर दिया। पथराव में पोलिंग पार्टी के लिए लगाई गई दो बसों के शीशे टूट गए। जबकि एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। पथराव और भगदड़ के दौरान कई लोग चोटिल हुए हैं। वहीं अमरोहा नगर के मोहल्ला पटवाल स्थित एमकेयूएम बूथ पर वार्ड सभासद पद के रालोद प्रत्याशी ने भाजपाइयों पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया। जिससे हंगामा हो गया। भाजपाई और रालोद समर्थक आमने–सामने आ गए। पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। मौके पर पहुंचे नौगांवा सादात विधानसभा सीट से सपा विधायक समरपाल सिंह भी रालोद प्रत्याशी के समर्थन में बोलने लगे। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और बिगड़ते हालात को संभाला। चुनाव के दौरान अमरोहा और गजरौला के कई बूथों पर गहमागहमी का



माहौल बना हुआ है। सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। अमरोहा में एसएसबी को लगाया है। गजरौला नगरपालिका में अध्यक्ष पद की सपा प्रत्याशी उर्वशी ने वीडियो वायरल करके भाजपाइयों पर वोट नहीं पड़ने देने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को मतदान कराने की क्या आवश्यकता है, वह भाजपा प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दे दें। उधर अमरोहा नगर के वार्ड संख्या 27 से सपा से सभासद पद की प्रत्याशी अंशु ने मतदान केंद्र के भीतर मतदान कार्मिकों पर वोटरों से कमल के फूल पर मोहर लगाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह खुद वोट डालने पहुंची तब भी पीठासीन अधिकारी ने कमल के फूल पर मोहर लगाने के लिए दवाब बनाया।

## जयमाल के बाद दुल्हन की चचेरी बहन गायब : अपहरण का मुकदमा दर्ज

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर के आधार पर चोलापुर थाने में एक नामजद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी कपसेठी क्षेत्र स्थित अपने ननिहाल में रहती है। ननिहाल से बीते दो मई को वह अपनी चचेरी बहन की शादी में अपने गांव आई थी। रात 10:30 बजे किशोरी के गायब होने का मामला तब सामने आया जब जयमाल का कार्यक्रम संपन्न हो गया। परिजन और रिश्तेदार किशोरी की खोजबीन करने लगे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। किसी तरह से शादी संपन्न कराई गई। इसके बाद किशोरी के पिता ने लखनसेनपुर बनकट निवासी अर्जुन गुप्ता के खिलाफ अपनी बेटी के अपहरण का मुकदमा चोलापुर थाने में दर्ज कराया।

## यूपी निकाय चुनावः दस निगमों में मतदाताओं की कसौटी पर दलों की साख : भाजपा दोहराएगी इतिहास या सपा की बढ़ेगी ताकत

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव के पहले चरण की दस नगर निगम में भाजपा ने 2017 का इतिहास दोहराने में पूरी ताकत लगाई है। वहीं सपा, बसपा, कांग्रेस ने भाजपा का रिकॉर्ड तोड़कर अपनी लाज बचाने की हर संभव कोशिश की है। दस नगर निगम में से ज्यादातर में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला है, वहीं आगरा में भाजपा का मुकाबला बसपा से है। राजधानी लखनऊ, प्रयागराज, फिरोजाबाद में बसपा ने मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया है। कुल मिलाकर बृहस्पतिवार को होने वाले मतदान में मतदाता राजनीतिक दलों के दावों को अपनी कसौटी पर परखेगा। पहले चरण में लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, सहारनपुर, मथुरा–वृंदावन और झांसी नगर निगम में महापौर चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। 2017 में इन सभी दस नगर निगम में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। भाजपा ने निकाय चुनाव में सभी 17 नगर निगम में जीत के साथ 60 प्रतिशत तक वोट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। लिहाजा भाजपा के सामने सभी सीटों पर जीत के साथ जीत का अंतर बढ़ाने की भी चुनौती है। निकाय चुनाव को लोकसभा चुनाव का पूर्वाभ्यास मानने के चलते निगम चुनाव में सपा, बसपा के सामने खाता खोलने की चुनौती है। चुनाव के नतीजे भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस की चुनावी रणनीति के साथ जातीय आधार भी बताएंगे। लखनऊ : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार लखनऊ नगर निगम को भाजपा का गढ़ माना जाता है। प्रदेश में सपा, बसपा की सरकारों के समय भी निगम चुनाव में कमल खिला था। भाजपा ने पुरानी कार्यकर्ता सुषमा खर्कवाल को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, सपा ने राजधानी के मुस्लिम और यादव वोट बैंक के साथ ब्राह्मण वोट बैंक को जोड़कर भाजपा के सामने चुनौती खड़ी करने के लिए वंदना मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए शाहीन बानो को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने संगीता जायसवाल पर दांव लगाया है। राजधानी में भाजपा के परंपरागत वोट बैंक ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य, पंजाबी के साथ दलित वर्ग के पासी, कोरी के मतदाताओं की बड़ी संख्या हैं। ऐसा माना जा रहा है कि शाहीन बानो को जितने मुस्लिम वोट मिलेंगे सपा को उतना ही नुकसान होगा। राजधानी में कांग्रेस की प्रत्याशी संगीता ने चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगाकर मुकाबले को चतुष्कोणीय बनाने की कोशिश की है। गोरखपुर : बाबा का सहारा गोरखपुर नगर निगम को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 2017 के निकाय चुनाव में गोरखपुर में भाजपा के सीताराम जायसवाल 75,972 मतों से चुनाव जीते थे। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में प्रचार के साथ गोरखपुर में चुनाव की कमान खुद के हाथ में रखी है। क्षेत्र में करीब पौने दो लाख कायस्थ मतदाताओं की संख्या को देखते हुए डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। निषाद वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सपा ने काजल निषाद को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से नवल किशोर नथानी, कांग्रेस से नवीन सिन्हा प्रत्याशी हैं। गोरखपुर नगर निगम में 12.36 लाख मतदाता 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र होने के नाते गोरखपुर में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा है। प्रयागराज : मुस्लिम–कायस्थ वोट तय करेंगे हार–जीत प्रयागराज में भाजपा ने काडर के कार्यकर्ता उमेश चंद्र गणेश केसरवानी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा वहां राष्ट्रवाद के साथ माफिया पर मार के मुद्दे को उठाकर चुनावी राह आसान करने में जुटी है। वहीं, सपा ने शहर के मुस्लिम व यादव के साथ कायस्थ वोट बैंक को साधकर मुकाबले को रोचक बनाने के लिए अजय श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने पूर्व विधायक सईद अहमद पर दांव खेलकर सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस से प्रभाशंकर मिश्रा और आम आदमी पार्टी से व्यापारी नेता मोहम्मद कादिर भी मैदान में हैं। प्रयागराज में करीब ढाई लाख कायस्थ और इतनी ही संख्या में मुस्लिम आबादी मानी जाती है। जानकारों का मानना है कि सईद अहमद और मोहम्मद कादिर को जितने वोट मिलेंगे सपा को उतना ही नुकसान होगा। वाराणसी : मोदी के नाम और काम से पार होगी वैतरणी वाराणसी नगर निगम में भाजपा ने साधारण कार्यकर्ता अशोक तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने काशी के ठाकुर मतदाताओं की नाराजगी को भांपते हुए ओमप्रकाश सिंह पर दांव खेला है। सपा ने ठाकुर समाज के साथ तीन लाख मुस्लिम, 35 हजार से अधिक यादव वोट बैंक के जरिये मुकाबला रोचक बनाने की कोशिश की है। वहीं कांग्रेस ने अनिल श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है। भाजपा अगड़े पिछड़े के जातीय समीकरण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम के आधार पर ही चुनाव लड़ रही है। फिरोजाबाद : बसपा ने मुकाबले बनाया दिलचस्प फिरोजाबाद नगर निगम में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला था, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान बसपा प्रत्याशी रुखसाना बेगम के पति महबूब अजीज का निधन होने से रुखसाना को मुस्लिम समुदाय की सांत्वना मिल रही है। लिहाजा अब मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा ने कामिनी राठौर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, सपा से मशरूर फातिमा चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस ने भी नुजहद अंसारी को प्रत्याशी बनाकर सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। जानकारों का मानना है कि सपा, बसपा और कांग्रेस के मुस्लिम प्रत्याशी के बीच मुस्लिम वोट बैंक का जितना बंटवारा होगा, उतना ही भाजपा को फायदा होगा। उधर, भाजपा ने राष्ट्रवाद का नारा देते हुए पूरी ताकत लगा दी है। झांसी : भाजपा का पलड़ा भारी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झांसी नगर निगम में यूं तो भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं। योगी सरकार और भाजपा की पूरी ताकत लगने से यहां भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। भाजपा ने पूर्व विधायक बिहारी लाल आर्य को प्रत्याशी बनाया है। वहीं सपा ने प्रत्याशी बदलकर भगवान दास फुले को टिकट दिया। बसपा ने सतीश जतारिया को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, तीनों दलों के प्रत्याशी कोरी समाज से हैं, लेकिन कोरी समाज को भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। क्षेत्र में ब्राह्मण, वैश्य और गैर यादव पिछड़े भी भाजपा के साथ बताए जा रहे हैं। आगरा : भाजपा और बसपा में होगी टक्कर अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित आगरा नगर निगम में भाजपा और बसपा के बीच सीधा मुकाबला है। आगरा में भाजपा ने पूर्व विधायक हेमलता दिवाकर और बसपा ने डॉ. लता वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। हेमलता को जहां निगम के ब्राह्मण, वैश्य, कायस्थ, ठाकुर और पिछड़े वर्ग के वोट मिलने की उम्मीद है। वहीं डॉ. लता वाल्मीकि को वाल्मीकि समाज के साथ बसपा के जाटव वोट बैंक से बड़ी उम्मीद है। स्थानीय लोगों का मानना है कि मुस्लिम मतदाता भाजपा को टक्कर देने के लिए निकाय चुनाव में हाथी की सवारी करना पसंद कर रहे हैं। माना जा रहा है कि मुस्लिम मतदाताओं के बसपा की ओर झुकाव से भाजपा और बसपा में ही सीधा मुकाबला होगा। मथुरा–वृंदावन में राजनीति की अजब लीला मथुरा–वृंदावन नगर निगम का चुनाव कांग्रेस, सपा और रालोद की अजीब राजनीतिक लीला के कारण सुर्खियों में हैं। कांग्रेस ने राजकुमार रावत को ही अपना प्रत्याशी माना है, लेकिन चुनाव चिह्न हाथ का पंजा तो श्याम सुंदर उपाध्याय के हाथ ही है। उधर, सपा–रालोद गठबंधन ने तुलसीराम शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन, उसके बाद सपा ने कांग्रेस समर्थित राजकुमार रावत को ही समर्थन देने की घोषणा कर दी। तुलसीराम शर्मा, श्याम सुंदर उपाध्याय और राजकुमार रावत के साथ भाजपा के विनोद अग्रवाल के बीच ब्राह्मण वोट का बंटवारा होगा। वहीं वैश्य मतदाताओं में विनोद अग्रवाल की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सहारनपुर : पिछड़े और दलित मतदाताओं पर दारोमदार यहां भाजपा और बसपा के बीच सीधे मुकाबले के आसार बने है। भाजपा ने कुर्मी समाज के डॉ. अजय कुमार को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने पूर्व विधायक इमरान मसूद की रिश्तेदार खतीजा मसूद और सपा ने नूर हसन मलिक को प्रत्याशी बनाया है। यहां पर मुस्लिम और दलित वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। बसपा और सपा से मजबूत मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में होने से मुस्लिम वोटों का बंटवारा तय है। 2017 में भाजपा को महज दो हजार वोट से जीत मिली थी। इसलिए इस बार भी मुकाबले को कांटे का मानते हुए भाजपा ने खासतौर पर पिछड़े और दलित वोट बैंक को साधने में ताकत लगाई है।

## नौकायन क्षेत्र में पीपीपी मोड पर विकसित होगी तीन पार्किंग : पर्यटकों को नहीं होगी परेशानी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहर के रामगढ़ताल किनारे नौकायन क्षेत्र में घूमने आने वालों की दिन प्रतिदिन बढ़ती संख्या को देखते हुए गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) पीपीपी मोड पर तीन पार्किंग विकसित करने जा रहा है। इसके लिए टेंडर हो चुका है ओर जल्द ही फर्म का चयन भी कर लिया जाएगा। नौकायन क्षेत्र में तीन स्थानों पर यह पार्किंग शुरू की जाएगी। पार्किंग में करीब 350 से अधिक गाड़ियां खड़ी की जा सकेंगी। निर्माण कार्य पर जीडीए पैसा नहीं खर्च करेगा। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह के मुताबिक महंत दिग्विजयनाथ पार्क, वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के सामने एवं सर्किट हाउस के पास, तीन स्थानों पर पार्किंग बनाई



जाएगी। पार्किंग निर्माण पर तीन से साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है। यहां गाड़ी खड़ी करने के लिए एप से भी बुकिंग की जा सकेगी। यही नहीं महंत दिग्विजयनाथ पार्क से सटे तिकोना पार्क में नान फूडिंग वेंडिंग जोन भी विकसित किया जाएगा।

# बाराबंकी व अयोध्या जनपद की नव चयनित शहरी आशाओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बाराबंकी व अयोध्या जनपद की नव चयनित शहरी आशाओ का आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और गति लाने के लिए नव चयनित शहरी आशाओं का द्वितीय बैच का आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण दर्शन नगर प्रशिक्षण केन्द्र में समापन एवम प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा एवम संयुक्त निदेशक,चिकित्सा स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण,अयोध्या मण्डल डॉ रमेश कुमार द्वारा किया गया।द्वितीय बैच के मूलभूत प्रशिक्षण में कुल तीस नव चयनित आशा जिसमें इक्कीस जनपद बाराबंकी और नौ जनपद अयोध्या की आशाओं ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया।इस मौके पर उपस्थित नव चयनित शहरी आशाओं की शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में आशाओं की भूमिका पर बात करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरान्त अब आशाएं सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की सभी बच्चों, बड़ो और बुजुर्गों में पहुंच बनाने में आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रुप मे अपनी सेवाएं अपने क्षेत्र की आम जनता को बेहतर ढंग से प्रदान कर सकेंगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आज हम सभी इससे बखूबी वाकिफ हैं की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और उनकी सफलता की उम्मीद में आशा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो चुकी है।उन्होंने प्रशिक्षण में प्रतिभाग



कर रहीं सभी नव चयनित शहरी आशाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सभी मन से अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें जिससे प्रशिक्षण उपरान्त जब फील्ड में जाएं तो उन्हे किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।जनपद बाराबंकी से प्रशिक्षण के लिए आई आशाओं को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे वो अपने जनपद में आम शहरी को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें।संयुक्त निदेशक ने प्रशिक्षण अवसर पर स्वयं एक प्रशिक्षक के बतौर अपने अनुभव और ज्ञान का लाभ आशाओं को दिया। एक प्रशिक्षक के रुप में संयुक्त निदेशक ने आशाओं के ज्ञान और जानकारी मे वृद्धि प्रदान की।प्रशिक्षण समापन व प्रमाण पत्र वितरण अवसर पर अर्बन नोडल डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी, मंडलीय स्वास्थ्य समन्वयक चंद्रजीत,अर्बन समन्वयक सुशील के साथ साथ प्रशिक्षक में डॉ सी पी सिंह, एन बी मिश्रा, डीसीपीएम अमित कुमार व वी पी सिंह उपस्थित रहे।

# सेंट जोसेफ के एनसीसी कैडेट्स ने नगर निकाय निर्वाचन में दिया अहम सहयोग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के सेंट जोसेफ समूह की सभी शाखाओं में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के निर्वाचन बूथ बनाए गए हैं निर्वाचन में मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य हेतु विद्यालय समूह के एनसीसी कैडेट्स की ड्यूटी भी लगाई गई थी। जिसमें सेंट जोसेफ समूह में 63 यूपी बटालियन लखनऊ के कैडेट्स ने अपनी सामाजिक भूमिका बखूबी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में आए बुजुर्गों व दिव्यांग जनों को अपना मताधिकार का प्रयोग करवाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। जिसकी वहां पर उपस्थित प्रशासन व निर्वाचन अधिकारियों ने सराहना की सेंट जोसेफ की। राजाजीपुरम शाखा में लेबर कॉलोनी वार्ड व राजाजीपुरम वार्ड के 2–2 बूथ बनाए गए थे। जिला प्रशासन की तरफ से दिव्यांगों का बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी परंतु विद्यालय ने चलने में असमर्थ



लोगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था कर दी थी। बाकी की सहायता विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने की। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि सेंट जोसेफ की सभी शाखाओं में एनसीसी की सुविधा उपलब्ध है सेवा भाव एनसीसी की मूल भावना है जो ये कैडेट्स सीख रहे हैं।

# निर्दल प्रत्याशी की गिरफ्तारी से नाराज समर्थकों ने थाने पर किया प्रदर्शन : शांतिभंग में हुआ चालान

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में गोरखनाथ थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 में निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार चौहान और उनके एक समर्थक को पुलिस ने पायल बांटने के आरोप में बुधवार को पकड़ लिया। पुलिस ने दो पायल बरामद कर आचार संहिता उल्लंघन की कार्रवाई करते हुए शांतिभंग में चालान कर दिया। उधर, गिरफ्तारी से नाराज स्थानीय समर्थक सैकड़ों की संख्या में दोपहर एक बजे गोरखनाथ थाने पहुंच गए और पुलिस पर भाजपा प्रत्याशी के दबाव में कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने समझा कर मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक, पार्षद पद चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजकुमार चौहान मैदान में है। इसके पहले वह पार्षद प्रतिनिधि रह चुके हैं। इस बार भी वह जोर–शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आरोप है कि सुबह दस बजे के करीब वह वार्ड में वोटरों को लुभाने के लिए पायल बांट रहे थे। इसकी सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो पायल के साथ प्रत्याशी समेत दो लोगों को लेकर थाने चली आई। इसकी सूचना इलाके में फैलते ही भारी संख्या में समर्थक थाने पहुंच गए। महिलाओं भी समर्थन में आई थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी के कहने पर जबरन कार्रवाई की है। हालांकि, पुलिस ने बरामद पायल के आधार पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कर लिया। एक घंटे जाम में परेशान रहे लोग प्रदर्शन की वजह से करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति हो गई थी। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को गोरखनाथ थाने के सामने दूसरे रोड पर ला दिया था, फिर भी वाहनों की रफ्तार घट गई थी। दोपहर दो बजे के करीब पुलिस के समझाने पर भीड़ हटी और आवागमन शुरू कराया जा सका। पायल बांटने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में पकड़ा है। मुख्य आरोपी का शांतिभंग में चालान किया गया।

# गोरखपुर में भाजपा–सपा समर्थकों में हुई झड़प : पुलिस ने सबको खदेड़ा

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में यूपी निकाय चुनाव को लेकर मतदान हो रहा है। यहां नार्मल रोड स्थित तुलसीदास इंटर कॉलेज में फर्जी मतदान कराने का आरोप लगाते हुए भाजपा और सपा समर्थक भिड़ गए। दोनों पक्ष में झड़प होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाने की कोशिश करने लगी, लेकिन लोग उग्र होने लगे। बाद में एसओ फोर्स के साथ पहुंचे और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। जानकारी के मुताबिक, रायगंज वार्ड के मतदान केंद्र तुलसीदास इंटर कॉलेज में शाम चार बजे के करीब भाजपा और सपा के समर्थक आमने सामने हो गए। सपा समर्थकों ने आरोप लगाया कि सेटिंग करके फर्जी वोट डलवाए जा रहे है। इसका भाजपा समर्थकों ने विरोध किया और मामला तूल पकड़ने लगा। बाद में पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया। बता दें कि यूपी निकाय चुनाव के



लिए सुबह सात बजे से मतदान जारी है। आज गोरखपुर मंडल के चार जिलों यानी गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया और कुशीनगर में वोटिंग हो रही है। यहां सबसे पहले सीएम योगी ने मतदान किया। सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात है।

## दबंग ने बैंक महिला अधिकारी से की अभद्रता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के बडौदा यूपी बैंक की मोडैला मोड़ चंदवक शाखा जौनपुर में एक मनबढ़ व्यक्ति द्वारा बैंक की महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा महिला अधिकारी को जान से मारने की धमकी भी दी गई एवं अपशब्द कहे गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर क्षेत्र के लोगों में कौतूहल का विषय बना हुआ कि एक महिला बैंक अधिकारी के साथ यह युवक कितनी दबंगई से और कितने अपशब्द, ताबड़तोड़ कहे जा रहे हैं जहाँ एक तरफ महिलाओं के लिए समर्पित सरकार महिलाओं की सुरक्षा का ध्यान बराबर रख रही है वहीं इस दबंग एवं मनबढ़ व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की बैंक महिला अधिकारी के साथ अभद्रता किया जाना अपने आप में गंभीर विषय है।

# प्रशासन का रुख नरम : अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

गोरखपुर ब्यूरो : तहसील प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं के आंदोलन में नया मोड़ आ गया है। एसडीएम ने तहसील बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर बातचीत के लिए बुलाया है। उनका कहना है कि बातचीत से मसले को सुलझाया जा सकता है। उधर, अधिवक्ताओं ने बुधवार को बैठक कर



आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि तीनों अफसरों के स्थानांतरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार व उपजिलाधिकारी के न्यायालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता बीते 27 अप्रैल से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। बुधवार को बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं ने बैठक कर आंदोलन को बढ़ाने का निर्णय लिया। अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण होने तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। आंदोलन को गति देने के लिए बार के कनिष्ठ मंत्री गोविंद शरण पाठक को जिम्मेदारी दी गई। एसडीएम बोले– हड़ताल से नहीं निकलेगा समाधान एसडीएम पंकज दीक्षित ने बताया कि बुधवार को उन्होंने बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर वार्ता का अनुरोध किया है। अधिवक्ताओं को चाहिए कि वे सकारात्मक सोच रखते हुए अपनी बात को प्रस्तुत कर मामले का पटाक्षेप करें। हड़ताल से समाधान नहीं निकल सकता है। यदि अच्छी सोच से बातचीत करते हैं तो ऐसा कोई मामला नहीं है कि समाधान नहीं हो। तहसीलदार राकेश कुमार कनौजिया ने कहा कि हड़ताल कोई विकल्प नहीं है। अधिवक्ता हठ छोड़कर समस्या का समाधान करने में तहसील प्रशासन का सहयोग करें। तहसील प्रशासन ने हमेशा बार एवं बेंच में समन्वय कर सद्भावना को स्थापित किया है।

# वेस्ट यूपी में था अनिल दुजाना का खौफ : एनकाउंटर में ढेर

मेरठ ब्यूरो : गैंगस्टर अनिल दुजाना एनकाउंटर के बाद सीएम योगी का बड़ा बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफिया की कोई जगह नहीं। इससे पहले बिजनौर में ढाई लाख का इनामी आदित्य राणा मुठभेड़ में मारा गया था। बता दें कि पुलिस ने कुख्यात अनिल दुजाना को गुरुवार को मेरठ में मुठभेड़ में मार गिराया। बताया गया कि मेरठ में भोला झाल पर सक्रिय होने की



पुख्ता जानकारी होने के बाद एसटीएफ ने उसे चारों ओर से घेर लिया था। इस दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस की टीम ने उसे चारों ओर से घेर लिया। इसी बीच पुलिस की गोली लगने से वह ढेर हो गया। वेस्ट यूपी में था कुख्यात अनिल दुजाना का खौफ कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना का वेस्ट यूपी में खौफ था। बृहस्पतिवार दोपहर को मेरठ में भोला की झाल पर एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया। अनिल दुजाना वेस्ट यूपी में खौफ का पर्याय बना हुआ था। उस पर लूट डकैती हत्या समेत 60 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मेरठ में एसटीएफ के एसपी बृजेश सिंह के नेतृत्व में टीम ने उसे गंगनहर पर लोकेशन मिलने के बाद घेर लिया, अनिल दुजाना ने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। वेस्ट यूपी के कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के पिछले दिनों जेल से बाहर आने की सूचना मिलने के बाद कई दिन से मेरठ एसटीएफ और वेस्ट यूपी की पुलिस उस की तलाश में जुटी हुई थी। कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना पिछले काफी समय से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन कुछ समय पहले वह जमानत पर बाहर आ गया। बताया जाता है कि इसकी जानकारी मॉनिटरिंग सेल के द्वारा पुलिस को भेजी गई थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसमें संज्ञान नहीं लिया। जेल से बाहर आते ही अनिल दुजाना ने जयचंद प्रधान मर्डर केस में उसकी पत्नी और गवाह संगीता को धमकी दी। जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने एक्शन लेते हुए अनिल दुजाना के खिलाफ पिछले सप्ताह में दो मुकदमे दर्ज किए। दुजाना ने की थी छपार के खाद व्यापारी की हत्या मुजफ्फरनगर में छपार के खाद व्यापारी राजीव त्यागी की हत्या के मामले में कुख्यात अनिल दुजाना को आरोपी बनाया गया था। मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है और 11 मई को सुनवाई होनी है। छपार के खाद व्यापारी राजीव गर्ग अपने भाई संजीव त्यागी की हत्या के मामले में गवाह थे। साल 2013 में राजीव त्यागी की हत्या कर दी गई थी। वारदात में अनिल दुजाना और जोगेंद्र जुगाला समेत कई आरोपियों को नामजद किया गया था।

# बच्चों में कैंसर की होगी स्क्रीनिंग, तत्काल मिलेगा इलाज : यूपी में जल्द जारी होगी उपचार नीति

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के कैंसर पीड़ित बच्चों को तत्काल उपचार मिलेगा। बच्चों में कैंसर की समय पर पहचान हो सकेगी। पीड़ितों के इलाज में आर्थिक समस्या नहीं आएगी। डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। केजीएमयू एसजीपीजीआई सहित अस्पतालों में कैंसर से जूझ रहे बच्चों का उपचार होगा। मोबाइल टीम के जरिए बच्चों में कैंसर की स्क्रीनिंग होगी ताकि समय पर उपचार शुरू हो सके। इसके लिए बुधवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और कैनकिड्स संस्था के बीच एमओयू हुआ है। समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में प्रति वर्ष 19 वर्ष से कम उम्र के लगभग 14,800 बच्चे कैंसर से पीड़ित होते हैं। यह पूरे देश के कैंसर पीडित बच्चों का करीब 20 प्रतिशत है। पूरे विश्व के कैंसर ग्रसित बच्चों का लगभग 4 प्रतिशत है। सरकार की ओर से बच्चों में होने वाले कैंसर जैसे असाध्य रोग का शुरुआती दौर पर पहचान और इलाज का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कैंसर सर्वाइवर बच्चों को कैंसर विजेता के रूप में पहचान दिलाई जाए। एनएचएम निदेशक अपर्णा ने बताया कि एमओयू के तहत कैंसर की पहचान के लिए डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएचसी, सीएचसी, जिला चिकित्सालय आदि में बच्चों की स्क्रीनिंग कर मेडिकल कॉलेज और टर्सरी केयर सेंटर पर डायग्नोसिस एवं इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इससे कैंसर से पीड़ित बच्चे के परिवार पर आर्थिक और मानसिक बोझ कम होगा। कैनकिड्स की संस्थापक पूनम बगाई ने बताया कि पीडियाट्रिक कैंसर पीडित बच्चे के लिए संस्था हर स्तर पर इलाज में मदद करेगी। आयुष्मान योजना, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम



जैसी सरकारी योजनाओं से इलाज की व्यवस्था की जाएगी। यदि किसी बच्चे की जांच, दवाओं और इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में और योजनाओं में व्यवस्था नहीं हैं तो संस्था अपने संसाधनों से व्यवस्था कराएगी। जिन अस्पतालों में पीडियाट्रिक कैंसर को सुविधा नहीं है। उसकी रिपोर्ट तैयार करेगी और सुविधा उपलब्ध कराएगी। संस्थान की सह–संस्थापक सोनल शर्मा ने कहा कि केजीएमयू एसजीपीजाई लोहिया संस्थान सहित अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा। मौके पर चिकित्सा महानिदेशक डा. रेनू वर्मा एसजीपीजीआई निदेशक प्रो आरके धीमान लोहिया संस्थान निदेशक प्रो सोनिया नित्यानंद डीजीएमई किंजल सिंह, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। पीडियाट्रिक कैंसर को लेकर बनेगी पॉलिसी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही पीडियाट्रिक कैंसर नीति तैयार की जाएगी। इससे कैंसर मरीजों को कई स्तर पर सुविधाएं मिल सकेंगी। कैनकिड्स संस्था प्रदेश में कैंसर की जांच व उपचार की सुविधा वाले सरकारी और निजी अस्पतालों की जिला अस्पतालों से मैपिंग करेगी। ताकि जिला अस्पताल से कैंसर के लक्षणों वाले बच्चे को सही सेंटर पर रेफर किया जा सके। प्रशिक्षण के साथ जागरूकता संस्थान की ओर से चिकित्सकों, स्वास्थ्य कार्यकर्तओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभिभावकों को जागरूक करते हुए उन्हें भी कैंसर पहचान की जानकारी दी जाएगी। पीड़ित परिवारों की हर स्तर पर मदद की जाएगी।

# याजदान बिल्डर भाइयों ने नजूल की जमीन पर बनाया था अपार्टमेंट : आठ पर केस दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : याजदान बिल्डर भाइयों पर शिकंजा कसता जा रहा है। अब एलडीए ने ढहाए जा चुके अलायाह हेरिटेज अपार्टमेंट के मामले में याजदान भाइयों समेत आठ पर हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एलडीए का दावा है कि अपार्टमेंट नजूल की जमीन पर बनाया गया था। जिन पर केस दर्ज किया गया है, उसमें याजदान इन्फ्राटेक प्रालि. के चारों डायरेक्टर व जमीन बेचने वाले चार लोग शामिल हैं। प्रागनारायण रोड स्थित अवैध अलायाह हेरिटेज अपार्टमेंट को पिछले साल दिसंबर में एलडीए ने ढहाया था। प्रकरण में एलडीए अपने स्तर से जांच कर रहा था। मंगलवार को एलडीए के नजूल अनुभाग के अमीन आशीष मौर्या ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एफआईआर के मुताबिक, विभागीय जांच में सामने आया कि अपार्टमेंट नजूल की जमीन पर बनाया गया था। याजदान बिल्डर ने इस जमीन पर पट्टेदार की मदद से अवैध रूप से खरीद–फरोख्त की थी। इसी आधार पर याजदान इन्फ्राटेक प्रालि. के चार डायरेक्टर शराफत अली, फहद यजदानी, शायम याजदानी और अलीम चौधरी के अलावा जमीन बेचने वाले पंकज गुप्ता, रेनू जैन, मीनू गुप्ता और रीता अग्रवाल पर धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार कर इस्तेमाल करने, नजूल की जमीन पर कब्जा करने व साजिश रचने की धारा में केस दर्ज किया गया है। ऐसे किया गया खेल जमीन के दस्तावेज की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इसके अनुसार, इस भूखंड के मूल पट्टेदार ने नजूल अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना पट्टे का विभाजन कर दिया। 1 सितंबर 1941 को अमीनुज्जमानी बेगम के पक्ष में हस्तांतरित कर दिए गए। इसका दाखिलखारिज 14 जुलाई 1944 को स्वीकृत किया गया था। नामांकित पट्टेदार ने नियमों की अनदेखी करते हुए उसको दो भागों में बांट दिया। 16 मार्च 1964 को हयातउल्ला अंसारी और 15 जून 1965 को विमला देवी गुप्ता को बेच दिया। विमला देवी की मृत्यु के बाद उनके कथित वारिस पंकज गुप्ता, रेनू जैन, मीनू गुप्ता और रीता अग्रवाल ने पट्टागत नजूल की भूमि को यजदान इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के शायम याजदानी (अधिकृत हस्ताक्षरी) के पक्ष में 8 जून 2015 को बेच दिया। जब एलडीए ने कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई तो इसमें फाहद, शराफत व अलीम चौधरी का नाम सामने आया। इसलिए इन सभी पर केस दर्ज कराया गया। शायम जेल में, फाहद फरार अलायाह अपार्टमेंट में फ्लैट देने का झांसा देकर शायम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रवि कांत शुक्ला से ठगी की थी। मामले में वह जेल भेजा गया था। अलाया अपार्टमेंट के ढहने के केस में भी वह आरोपी है। अब एक केस और उस पर दर्ज हो गया है। उधर, आरोपी फाहद फरार है। पुलिस उस तक नहीं पहुंच सकी है। कुर्की की प्रक्रिया चल रही है। गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी है। कौड़ियों में खरीदी थी 60 करोड़ की जमीन एलडीए ने नजूल की लगभग 4000 वर्ग मीटर की जिस जमीन को बिना एनओसी के बेचने व खरीदने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है, उसकी कीमत लगभग 60 करोड़ थी। लेकिन शायम याजदानी ने यह जमीन कौड़ियों के भाव में खरीद कर छह मंजिल तक अवैध अपार्टमेंट का निर्माण कर दिया था। पूर्व वीसी अक्षय त्रिपाठी ने 30 मार्च 2022 को पहली बार इस पर बुलडोजर चलाया। बिल्डर की सेटिंग हो गई और बुलडोजर थम गया। डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने वीसी के पद की कमान जुलाई 2023 में संभाली तो दूसरी बार अक्तूबर में बुलडोजर पहुंचा, मगर बड़ी कार्रवाई के बिना वापस हो गया। 14 नवंबर के बाद अवैध अपार्टमेंट को तोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ तो जमींदोज होने के बाद ही बंद हुआ।

# गैर इरादतन हत्या मामले में एक ही परिवार के छह लोगों को 10–10 वर्ष की सजा : 16 साल पहले हुआ था मुकदमा

मऊ ब्यूरो : जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामेश्वर ने गैरइरादतन हत्या मामले में नामजद एक ही परिवार के छह लोगों को सुनवाई के बाद दोषी करार दिया। गुरुवार को सभी को 10–10 वर्ष की सजा के साथ ही 10–10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर तीन–तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं क्रॉस केस के मामले में सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। मामला मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार, फरसरा बुजुर्ग गांव निवासी प्रभावती देवी पत्नी राजनाथ मौर्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। इसमें गांव के ही अंगद मौर्य और सुभाष मौर्य पुत्रगण ब्रषकेतु मौर्य, हरिचरन उर्फ हरिश्चंद्र और घूरा उर्फ प्रेमचंद मौर्य पुत्रगण स्व. किशोर मौर्य, सतीश मौर्य पुत्र प्रेमचंद मौर्य और ब्रषकेतु उर्फ विषकेतु मौर्य पुत्र प्रह्लाद को आरोपी बनाया। आरोप लगाया कि एक जून 2007 को उसके पट्टीदार बारजा निकाल रहे थे। इसका उसके पति राजनाथ मौर्य ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी–डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीचबचाव में पहुंची उसकी जेठानी विमला और जेठ शेषनाथ पर भी आरोपियों ने हमला बोला। गंभीर रूप से घायल पति को आनन–फानन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित



कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना आरोप पत्र कोर्ट में भेजा था। कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए एडीजीसी फौजदारी राणा प्रताप सिंह और धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कुल 8 गवाहों को पेश कर अपना पक्ष रखा। बचाव पक्ष से कहा गया कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। जिला जज ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपीगण अंगद मौर्य, हरिचरन उर्फ हरिश्चंद, घूरा उर्फ प्रेमचंद मौर्य, सतीश मौर्य, सुभाष मौर्य और ब्रषकेतु उर्फ विषकेत मौर्य को बलवा, मारपीट और गैर इरादतन हत्या का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# अयोध्या में मुख्यमंत्री ने जन सभा को सम्बोधित करते हुए लोगो से किया अपील

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्थानीय नगर निकाय के चुनाव के लिय चुनावी जन सभा को सम्बोधित किया। राजकीय इंटर कालेज मैदान में अयोध्या के मेयर, पार्षदगण तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उससे सम्बंधित सभासदों के सम्बंध में जनसभा की। इसमें पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के अलावा सांसद लल्लू सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, डा0 अमित सिंह चौहान सहित सत्ताधारी पार्टी के अनेक पदाधिकारियों आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जनपद के प्रभारी सूर्यप्रताप शाही ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में सरकार की उपलब्धियां गिनाई तथा सभी से अपने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को समर्थन करने का आहवान किया। मुख्यमंत्री का इसके पूर्व आगमन मण्डल के सुल्तानपुर जनपद में हुआ जहां पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार तथा वहां के जिलाधिकारी एवं



अन्य अधिकारीगण मौके पर उपस्थित थे तथा अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौके पर उपस्थित थे।मुख्यमंत्री का अयोध्या आगमन अपने निर्धारित समयावधि के कुछ मिनट पूर्व हो गया। आम जनमानस में उत्साह देखा गया ।

# अयोध्या मे मेयर पद का किस के सिर सजेगा ताज : भाजपा सपा ने झोकी पूरी ताकत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच सभी राजनीतिक पार्टियों ने अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण नगर निगम पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।भारतीय जनता पार्टी ने अपना महापौर प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी पर अपना दांव लगाया है। वही समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक व राज्यमंत्री रहे जय शंकर पांडे के पुत्र डॉ आशीष पांडे उर्फ दीपू को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने , प्रमिला राजपूत और आम आदमी पार्टी ने इंजीनियर कुलभूषण साहू बसपा से राममूर्ति यादव निर्दलीय अनीता शरद पाठक भाजपा के बागी टिकट न मिलने से नाराज संजय कुमार राहुल सियाराम व रेहान निर्दल चुनाव मैदान में है। कई लोग भाजपा और सपा से टिकट मांग रहे थे भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी में टिकट को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोग दौड़ में शामिल थे लेकिन टिकट की घोषणा के बाद अब इन दोनों दलों में भितरघात की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी में सीधी टक्कर होने की प्रबल संभावनाएं दिखाई पड़ रही है। अयोध्या में बीते दिनों विकास के नाम पर सहादतगंज से लेकर अयोध्या तक लोगों के मकान मंदिर आदि तोड़े गए हैं जिससे नाराज लोगों का कहना है कि राम काज में हमारा घर दुकान गई है तो कोई बात नहीं है फिलहाल सभी संभावनाओं के बीच इस बार चुनाव काफी दिलचस्प दिखाई पड़ेगा। क्योंकि नगर निगम का क्षेत्र 41गांवो की आवादी जोडकर मतदाता कि संख्या काफी बढ़ गये है। ग्रामीण इलाकों से जुडे मतदाताओं की पसन्द कौन बनेगा चुनाव किस करवट बैठेगा यह तो आने वाली 13मई ही तय करेगी। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी जहां इस सीट को जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती वहीं समाजवादी पार्टी भी इस सीट को हथियाने के लिए ताना–बाना बुन रही है यह अयोध्या नगरी है यह कब कौन सा निर्णय लें यह कह पाना संभव नहीं है उल्लेखनीय है कि अयोध्या नगर पालिका परिषद में सरदार महेंद्र सिंह चुनाव विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस से जीत गए थे। जबकि अयोध्या में मात्र दो दर्जन सरदार ही रहते हैं। अयोध्या की धरती से महान समाजवादी विचारक आचार्य नरेंद्र देव को भी चुनाव मे हार का मुंह देखना पड़ा था।इसलिए अयोध्या की जनता चुनाव में क्या गुल खिलाएगी यह कह पाना भी मुश्किल है लेकिन चुनावी धार देने के लिए सभी पार्टी प्रत्याशियो ने जी जान से लग गये हैं। सभी दलों ने अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है भारतीय जनता पार्टी के विद्रोही प्रत्याशी अनीता पाठक चुनाव मैदान में दौड़ रहे हैं इसी तरह भारतीय जनता पार्टी को एक एक दर्जन वार्ड में भाजपा प्रत्याशी पार्षदों के खिलाफ भाजपा के ही लोग निर्दल चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर रहे हैं जिसका नुकसान भारतीय जनता पार्टी को होने की संभावनाएं प्रबल है फिलहाल पूरे नगर निगम में कार्यालय खोलने व जनसंपर्क अभियान सभी राजनीतिक दलों ने तेज कर दिया है।

# सपा महानगर कमेटी ने नगर निगम वार्ड में प्रत्याशियों के साथ किया सघन जनसंपर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने अपने चुनाव अभियान के क्रम में मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पूर्व विधायक दादा जय शंकर पांडे ने वार्ड प्रत्याशी साकेत नगर से मंसूर अहमद वा पंडित दीनदयाल नगर से कौशल यादव के साथ सघन जनसंपर्क करते हुए प्रत्याशियों की जीत के लिए वोट मांगा इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा प्रत्येक वार्ड की जनता भारतीय जनता पार्टी के नगर निगम के पांच साल के शासन को देखकर जान चुकी है की इनके समय में टैक्स की बढ़ोतरी कई गुना हो चुकी है उन्होंने कहा जिस तरह से सभी वार्ड में जनता का अपार जनसैलाब और प्यार मिल रहा है तो मेयर बनने के बाद पहली बैठक में ही सबसे पहले टैक्स को कम करने का काम किया जाएगा जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशियों के साथ जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, अनूप सिंह, अमृत राजपाल, क्षेत्र की महिलाएं बड़े बुजुर्ग नौजवान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम जन्मभूमि क्षेत्र में भिखारी की हुई हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हनुमानगढ़ी के निकट इमली बाग आवासीय परिसर से भीख मांग कर अपनी जीविका चला रहे मृतक नन्हकू नामक युवक की हत्या में शामिल आरोपी को थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने बरामद किया।प्रभारी निरीक्षक थाना राम जन्मभूमि संजीव कुमार सिंह थाना राम जन्मभूमि जनपद अयोध्या ने संदीप त्रिपाठी– चौकी प्रभारी कटरा थाना राम जन्मभूमि जनपद अयोध्या तथा अमरेश कुमार त्रिपाठी– सर्विलांस प्रभारी जनपद अयोध्या की मदद से मृतक नन्हकू नामक युवक की हत्या में आरोपी भगवानदास उर्फ दीपू सिंह उर्फ सूरदास पुत्र स्वर्गीय महेश सिंह निवासी ग्राम लालपुर पोस्ट शिवराजपुर थाना सिबली जनपद कानपुर देहात को दिनांक बुधवार को स्टेशन रोड जलवानपुरा मोहल्ला थाना रामजन्मभूमि से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी भगवानदास उर्फ दीपू सिंह उर्फ सूरदास उपरोक्त ने बताया गया कि वह और मृतक नन्हकू हनुमानगढ़ी की सीढ़ीयो पर भीख मागते थे।वर्ष 2012–2013 मे जहरीली शराब के सेवन करने से उसकी आंखो की रोशनी चली गई थी।जिस कारण हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर भीख मांग कर पेट पालता है।वही मेरे बराबर मे ही नन्हकू नाम का व्यक्ति भी भीख मांगता था।उसने बताया कि मृतक भिखारी देख सकता था तथा मुझे परेशान करता था।वही भीख मे मिले पैसे छीन लिया करता था तथा मेरे कमरे पर आकर शराब आदि पीता है। आरोपी ने बताया कि



26 अप्रैल की शाम को भी मृतक मेरे किराये के कमरे जो हनुमानगढ़ी के पास ही है पर आकर शराब आदि लाया तथा शराब पीकर मेरे साथ झगड़ा करने लगा तो मैने भी बचाव मे दोनो हाथो से उसका गला पकड़ कर दबा दिया।जब वह शान्त हो गया ,तो मैने उसे छोड़ दिया।जब काफी देर तक उसके शरीर मे कोई हलचल न देखी तो डर के कारण ताला बन्द कर कमरे से बाहर निकल आया और वहा से फोन कर सीताराम को बुलाया और कहा कि उसे किसी आवश्यक कार्य से घर जानाध् है।उसके बाद आरोपी सीताराम को चाभी देकर हनुमानगढ़ी से हट कर इधर उधर छिपता छिपाता रहा। इस मामले में राम जन्मभूमि पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया।

# तथाकथित पत्रकारों की अब खैर नहीं केवल साफ छवि के लोग ही कर सकेंगे पत्रकारिता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अतीक हत्याकांड के बाद सरकार हुई चिंतित सूचना एवम् जन संपर्क विभाग हुआ सख्त पत्रकारों के लिए पत्रकारिता का कोर्स करना जरूरी होगा, अनपढ़ और कम पढ़े लिखे नहीं कर सकेंगे पत्रकारिता। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पत्रकारों को निकाय चुनाव के लिए पास देने में सख्त नजर आ रहा है। इसका नजारा आज जिला सूचना कार्यालय पर देखने को मिला। फेसबुकिया और यूट्यूब वाले तथाकथित पत्रकारों का आज असली चेहरा देखने को मिल रहा है। शासनादेश के अनुसार फेसबुक व यूट्बर जो अपने आप को पत्रकार बताते हैं धीरे धीरे यह बात अब साफ हो रही है कि वह पत्रकार नहीं तथाकथित पत्रकार हैं। निकाय चुनाव में जो पास पत्रकारों को जारी किया जा रहे है उसमें इन तथाकथित पत्रकारों को बाहर कर दिया गया है। लेकिन हालात के मारे यह तथाकथित पत्रकार किसी भी तरह से जुगाड़ लगाकर निकाय चुनाव में खबर करने के नाम पर पास लेने के लिए भीड़ जमा किये हुए हैं। अब असली और नकली पत्रकारों का चेहरा आज खुलकर सामने आ गया है। जिले का सूचना एवं जनसंपर्क विभाग इन फेसबुकिया और यूट्यूबर तथाकथित पत्रकारों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। इस बात से यह प्रतीत होता है कि अधिकारियों व थानों पर जाकर अपने आप को पत्रकार बता कर रुतबा झाड़ने वालों की अब खैर नहीं । बिना डिग्री हाई स्कूल फेल जो अपने नाम व गाडियों आगे बड़ी ही आसानी से संपादक, ब्यूरो चीफ, पत्रकार जैसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की श्रेणी में अपना नाम अंकित कराते थें अब उनके लिए बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। चर्चा है कि निकाय चुनाव समाप्त होने के बाद इन तथाकथित पत्रकारों की जांच भी शुरू हो जाएगी, इसका कारण है कि अतीक हत्या कांड के बाद से पत्रकारों को लेकर सरकार चिंतित है। यह बात भी सामने आ रही है कि सभी पत्रकारों का खुफिया रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं जो कभी किसी केस में वांछित है या उनपर कोई केस दर्ज हैं उनको चिन्हित किया जा रहा हैं। निकाय चुनाव के बाद सभी पत्रकारों का सत्यापन होगा साथ ही उनकी स्प्न रिपोर्ट भी लगेगी साथ ही उनकी जांच खुफिया एजेंसियों द्वारा कराई जाएंगी अब केवल साफ छवि और ईमानदार लोग ही पत्रकारिता कर सकेंगे। सूचना एवं जनसंपर्क ने इस योजना पर तेजी से कार्य प्रारंभ कर दिया है।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम : मनायी गयी विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की 30वीं वर्षगांठ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम यूनेस्को द्वारा निर्धारित की गई है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम इस वर्ष मनाए गए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की 30वीं वर्षगांठ, सभी मानवाधिकारों के आनंद के लिए मौलिक रूप में प्रेस स्वतंत्रता, तथा स्वतंत्र और विविध मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। यह अवसर वियना सम्मेलन की 30वीं वर्षगांठ और मानव अधिकारों पर इसकी घोषणा और कार्रवाई के कार्यक्रम के साथ मेल खाता है, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा करने वाली महत्वपूर्ण संस्थाओं की स्थापना की, साथ ही साथ मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी मनाई। 03 मई, 2023 को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने के अलावा, इस अवसर पर वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार की प्रस्तुति भी होगी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन पत्रकारों को दिया जाता है। जिन्होंने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, विशेष रूप से उन्हें जिन्होंने जनता को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए अपने जीवन को खतरे में डाला है।

# अयोध्या जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत करने पर भी यहॉ के बाबू की घोर लापरवाही से आवेदक परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सहादतगंज निवासी शुभम बैसवार जो अधिशासी अभियंता वि 0 /यां 0/लोक निर्माण विभाग में क्लीनर पद पर कार्यरत हैं ,इनका 3 महीने से वेतन नहीं मिला था ,इस फाइल को ओम प्रकाश बाबू देख रहे थे, फरवरी माह से फाइल कार्यालय में पड़ी है ,फाइल पर बाबू द्वारा ट्रेजरी भेजा जाना था ,लेकिन बाबू ने नहीं भेजा, तब शुभम बैसवार ने जिलाधिकारी के यहां शिकायत किया, शिकायत का निस्तारण कर दिया गया, जिस पर लिखा है कार्यवाही अब की जा रही है, शिकायतकर्ता को अब भी गुमराह किया जा रहा है, फाइल को ट्रेजरी कब भेजा जाएगा दर्शाया नहीं गया, शिकायतकर्ता भुखमरी के कगार पर है ,अब भी लोक निर्माण विभाग के बाबू कब तक ट्रेजरी फाइल भेजेंगे यह नहीं पता है, परेशान करने की नियत से अपने पास फाइल रखे हैं।

# मेहनत से सफलता को अर्जित किया जा सकता है :सुकन्या खुलवा कर समाजिक दायित्व का करें निर्वहन– पी के सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधान डाकघर में अयोध्या जनपद के सैकड़ों शाखा डाकपालों, ओवरसियर के साथ अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने डाक वितरण प्रणाली, सुकन्या समृद्धि, बचत एवं डाक जीवन बीमा को वर्ष 2023–24 में गति देने के उद्देश्य से बैठक किया । दर्जनों डाक कर्मचारियों को पिछले वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया । इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि मेहनत और लग्न से कार्य किया जाय तो किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित किया जा सकता है और कहा कि हम सभी के अच्छे आचरण एवं मेहनत से आज भी डाक विभाग के प्रति लम्बे अरसे से आम जनमानस का विश्वास एवं अच्छी छवि बनी हुई है, इसे कायम रखने का दायित्व हम लोगों का है और इस विश्वास को किस प्रकार बनाए रखा जाये इस विषय पर हमें जागरूक होने की जरूरत है । साथ ही श्री सिंह ने कहा कि डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा हमारे विभाग के दो अत्यंत ही महत्वपूर्ण बीमा योजनाएं है परन्तु हम सभी इसके व्यापक प्रचार–प्रसार में अभी तक उस गति को पाने में सफल नहीं हो सके है जिसकी हमें आवश्यकता है। जबकि इस योजना से कम प्रभावी व लाभदायक बीमा स्कीम को अन्य बीमा कंपनी अच्छे ढंग से प्रस्तुत करके आम लोगों को आकर्षित करने में सफल हो रहे हैं द्य अतः हम सभी को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है और डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लाभों के अन्य बीमा कंपनी के स्कीम से तुलनात्मक अध्ययन करके लोगों को आकर्षित करने की महती आवश्यकता है । इस दौरान श्री सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि जनता आसपास की सभी 10 वर्ष से कम उम्र की बेटियों का खाता खुलवाकर करें समाजिक दायित्व का निर्वहन । इस दौरान में विगत वित्तीय वर्ष पीएलआई व आरपीएलई में उत्कृष्ट प्रदर्शन पूनम सिंह कोटसराय, नीलू सोनी चिर्रा मोहम्मदपुर, हरदेव महोली उपरहार, प्रमोद कुमार यादव हैदरगंज, राजेन्द्र प्रसाद यादव धनेचा तथा खाता खोलने में उमा सिंह पहाड़पुर, सुरेश कुमार उमापुर, राकेश मिश्रा ऐहार, सौरभ यादव पारा ताजपुर के शाखा पोस्टमास्टर को सम्मानित किया गया । इस मौके पर मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023– 24 के लिए कार्य योजना की चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को आज से ही लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अपने क्षेत्र के सम्मानित जनता को सूचीबध करके जोड़ने का कार्य प्रारम्भ कर देंना चाहिए । उन्होंने ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीणों एवं गरीब किसानो के लिए यह खास बीमा योजना किसी बीमा कम्पनी से सस्ती एव अधिक फायदेमंद है लेकिन अधिक ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी नही होने से वह अन्य महगी बीमा कम्पनी कि पालसी ले लेते है जिससे उन्हें घाटा उठाना पड़ता है । इस दौरान सहायक अधीक्षक अनिल दूबे, राजेश्वर दूबे, हिमांशु शुक्ला, मैनेजर चेतन जायसवाल, अनूप कुमार सिंह हिमांशु कनौजिया आदि सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी के 60 मोबाइल फोन के साथ दो चोर गिरफ्तार : बांग्लादेश में करते थे सप्लाई

गोरखपुर ब्यूरो : रेलवे स्टेशन पर भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल फोन चोरी कर बांग्लादेश में बेचने वाले गिरोह के दो सदस्यों को जीआरपी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन गेट नंबर दो से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। उनके पास से 60 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान झारखंड के तलझाड़ी निवासी फेकन मंडल और पश्चिम बंगाल के साहेबगंज निवासी मुहम्मद समीउल शेख के रूप में हुई। एसपी जीआरपी डॉ. अवधेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि जीआरपी थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। संदेह के आधार पर प्लेटफार्म नंबर दो पर बैग लेकर बैठे दो युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से 60 मोबाइल फोन



मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि सभी मोबाइल फोन चोरी के हैं। आरोपी आजमगढ़ जिले में किराये पर कमरा लेकर रहते थे। बुधवार को चोरी का मोबाइल फोन लेकर मालदा जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। चेकिंग के दौरान जीआरपी ने दोनों को पकड़ लिया गया। आरोपियों ने बताया कि मोबाइल फोन को बांग्लादेश में बेच दिया करते थे।

# तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा : वाहन का हुआ चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मल्कीपुर–अयोध्या। सड़क पर तेज ध्वनि में डीजे बजाना महंगा साबित हुआ। थाना खण्डासा की पुलिस मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए रामनगर चौराहे पर मौर्य डीजे के वाहन का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव ने बताया कि सड़क पर डीजे बजाना सख्त मना है अस्पताल व स्कूल के पास तेज आवाज में डीजे बजाने पर डीजे मालिकों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने बताया की वाहन का चालान कर डीजे मालिक को सख्त हिदायत दी गयी है की सड़क पर तेज ध्वनि में डीजे न बजाया जाय।

# ग्रामसभा घूरीटीकर में बनेगा पंचायत लर्निंग सेंटर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर–अयोध्या। तारुन ब्लॉक के ग्रामसभा घूरीटीकर में बनेगा पंचायत लर्निंग सेंटर, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत तारुन ब्लॉक की ग्राम पंचायत घूरीटीकर के पंचायत भवन में पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जायेगी, जिसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम है। बता दें कि प्रदेश में कुल 33 ग्राम पंचायतों में से अयोध्या जनपद से घूरीटीकर ग्रामसभा का चयन हुआ है जिसके निर्माण के लिए ग्रामसभा को धनराशि प्राप्त हो गयी है। अखिल भारतीय प्रधान संघ की जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान विमलेश कुमारी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश की 33 ग्रामसभाओं में जनपद अयोध्या के घूरीटीकर ग्रामसभा का चयन ग्रामसभा वासियों के लिए गर्व की बात है जिसके लिए हम ग्रामवासी उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। विदित हो कि इससे पहले ग्रामसभा घूरीटीकर को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार भी मिल चुका है।

# लापता हुई युवती का नही लग सका सुराग : परिजन हुए परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मामला जनपद के थाना कोतवाली नगर नेवाती पुरा , जनौरा रोड से जुड़ा है जहाँ मंगलवार से एक 15 वर्षीय बालिका अलीशा लापता हो गई है बालिका की माँ के अनुसार लड़की ग्रामर एकेडमी लालबाग मे पढ़ती है दिनांक 2 मई 2023 को घर से निकली है लेकिन तब से उसका कोई अता पता नही है परिजनों , संबंधियों और मोहल्लावासियों ने लड़की की काफी खोज की और रिश्तेदारों से बात कर ढूढने का प्रयास किया गया लेकिन अभी तक कोई जानकारी नही मिल सकी है स्थानीय पुलिस को इस संवेदनशील घटना की सूचना दी गई है लेकिन उनके द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है लापता युवती की माँ ने बताया कि जब वो पुलिस से कार्यवाही के बारे मे पूछती हैं तो कोई जवाब नही दिया जा रहा है।

# चोरी के आभूषण व नगदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को थाना कोतवाली कैंट पुलिस ने दो आरोपियों को सत्तर ग्राम सोने के आभूषण तथा नौ हजार दो सौ रुपये नगद बरामद किया।प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली




कैंट कृष्ण कुमार मिश्रा ने उप निरीक्षक शिवानन्द यादव थाना कोतवाली कैंट तथा उप निरीक्षक रजत पाण्डेय थाना कोतवाली कैण्ट अयोध्या की मदद से आरोपी मलिका पत्नी शकील निवासी नेवातीपुरा थाना कोतवाली नगर के पास से एक जोडी झुमका कान का पीली धातु ,एक जोडी झाला कान का,एक अंगूठी, एक मटर माला ठप्पा पीली धातु,व 9200द रुपये तथा रवीन्द्र कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल सोनी निवासी म0न0–1451 हैदरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या एक पीली धातु की सीकड़ के चार टुकड़े सहित कोतवाली कैण्ट पुलिस टीम द्वारा बुधवार को जीआईसी ओवर ब्रिज के समीप से गिरफ्तार किया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।